


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 30 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 206 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर चलती कार लगी आग, पांच की जान गयी

**नई दिल्ली।** राजस्थान के अलवर जिले से एक बड़े सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, अलवर के लक्ष्मणगढ़ इलाके में एक कार में आग लगने से पांच लोग जिंदा जल गए। यह हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार, 29 अप्रैल की देर रात हुआ। वैष्णो देवी से दर्शन कर लौट रहे थे सभी लोगों की माने तो चलती कार में ही अचानक आग लग गई। इस दौरान ड्राइवर ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। वहीं, मरने वाले लोग मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे और वैष्णो देवी से दर्शन कर लौट रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

## गोल्फ कोर्स के तालाब में डूबने से 3 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका गोल्फ कोर्स में तीन बच्चों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस की शुरुआती जांच में चारदीवारी कूदकर प्रवेश करने व डूबकर मरने की बात सामने आई है। डीसीपी द्वारका के अनुसार, आज सुबह करीब 7:07 बजे पीएस सेक्टर-23 द्वारका को सेक्टर 24 गोल्फ कोर्स के एक तालाब में तीन बच्चों के डूबने की सूचना एक पीसीआर से मिली। सूचना मिलते ही एसएचओ अपने स्टाफ के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके अलावा सभी एजेंसियों को भी तुरंत सूचित किया गया। वहीं, घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि लगभग 8 से 10 साल के तीन बच्चे तालाब में डूबे हुए थे। फायर ब्रिगेड की मदद से तीनों बच्चों को पानी से निकाला गया। उनके कपड़े तालाब के बाहर मिले। शक है कि बच्चे वहां नहाने गए थे और गलती से डूब गए।

## बंद पड़े प्लांट से क्लोरीन गैस लीक, 22 लोग अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार देर रात क्लोरीन गैस लीक होने से हड़कंप मच गया। इस घटना में 22 स्थानीय लोग और दो फायर ब्रिगेड कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। फायर अधिकारियों के मुताबिक, यह रिसाव कोंढवा इलाके के गंगाधाम क्षेत्र में एक बंद पड़े जल शुद्धिकरण संयंत्र के गोदाम से हुआ। रात करीब 1 बजे वहां रखे क्लोरीन से भरे एक पुराने टैंक से गैस लीक होने लगी। गैस फैलने के बाद आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसके बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। आसपास के कई लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। फायर कर्मियों ने सुरक्षा उपकरणों की मदद से लीक हो रहे टैंक को बंद किया और स्थिति पर काबू पाया। इस दौरान कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। कुल 22 स्थानीय निवासी और दो फायर कर्मियों को सांस लेने में परेशानी होने पर अस्पताल ले जाया गया।

# हमले की फिराक में आतंकी!

## यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान रच रहा है षड्यंत्र



● आईएसआई प्रोपेगेंडा अभियान चलाकर खुफिया एजेंसियों का ध्यान भटकाना चाहती है

● आतंक समर्थक जगह-जगह लगा रहे कैमरे, जासूसी कर संवेदनशील स्थानों की जुटा रहे जानकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय खुफिया एजेंसियों के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बड़े हमले की साजिश रच रही है और इसके लिए खतरनाक खतरनाक चाल चल रही है। खुफिया अधिकारियों का कहना है कि इस हमले से पहले आईएसआई, हमारी जांच एजेंसियों का ध्यान भटकाना चाहती है और इसके लिए प्रोपेगेंडा अभियान चलाया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव बड़ा आयोजन है और इसके मद्देनजर बड़े आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही है। इसके तहत आईएसआई समर्थित लोग देश में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने और जासूसी जैसी गतिविधियों में शामिल हैं। इसका उद्देश्य संवेदनशील स्थानों की जानकारी जुटाना है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी के अनुसार, गतिविधियों में अचानक आई तेजी का मकसद भारतीय एजेंसियों को उलझाए रखना है, ताकि बड़े हमले को अंजाम दिया जा सके। अधिकारियों ने यह भी आशंका जताई है कि आईएसआई देश का सांप्रदायिक सौ-हार्द बिगाड़ने की भी साजिश रच रही है। कई इंटरसेप्ट्स से संकेत मिले हैं कि प्रोपेगेंडा चैनलों को सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए सक्रिय किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आईएसआई की नजर सिर्फ बड़े शहरों पर नहीं, बल्कि छोटे शहरों और गांवों पर भी है, ताकि एजेंसियों को भ्रमित कर अचानक हमला किया जा सके। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई इस बार उत्तर प्रदेश के बजाय अन्य राज्यों के लोगों का इस्तेमाल हमलों में कर सकती है, ताकि स्थानीय पुलिस को हमलों की भनक तक न लगे। एजेंसियों का मानना है कि अलग-अलग राज्यों में जासूसी और आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बावजूद सतर्कता के साथ नजर बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि ध्यान भटकाने की रणनीति के पीछे बड़ी साजिश छिपी हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसआई की कोशिश है कि भारत में होने वाले हमलों को घरेलू दिखाया जाए, ताकि पाकिस्तान पर सीधे आरोप न आएं। दरअसल आतंकी वित्तपोषण को लेकर पाकिस्तान एफएटीएफ फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के निशाने पर है। आईएसआई पर पहले भी ड्रग्स और आतंकी गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगते रहे हैं। यही वजह है कि प्रतिबंध से बचने के लिए आईएसआई हर हमले को स्थानीय दिखाने की कोशिश करेगी। भारत ने भी अपनी रणनीति को आक्रामक करते हुए

## कार ने बाइक को रौंदा, दंपति और दो बच्चों की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में शाहजहांपुर-पलिया हाईवे पर पुवायां थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा मैनारी ओवरब्रिज के पास बोलेरो कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। अरुण की ससुराल पुवायां के गांव सिरखिड़ी में है। अरुण के ससुर गोपी के परिवार में बेटी की शादी थी। अरुण अपनी पत्नी और बच्चों के साथ शादी में शामिल होने के लिए 28 अप्रैल को सिरखिड़ी गांव आए थे। बृहस्पतिवार को वह घर वापस जा रहे थे। गांव भूड़ा मैनारी ओवरब्रिज के पास बोलेरो की टक्कर बाइक में लग जाने से दंपती और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## खेड़ा की जमानत का पुलिस ने किया विरोध

### अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित

● दस्तावेजों में की गयी जालसाजी की जांच के लिए लेना चाहती है कस्टडी में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर तीखी बहस हुई। असम पुलिस ने खेड़ा की याचिका का पुरजोर विरोध करते हुए उन पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी, रिंकी भुइयां सरमा के पासपोर्ट के साथ 'छेड़छाड़ और जालसाजी' करने का गंभीर आरोप लगाया है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। पुलिस ने कहा कि खेड़ा ने जो किया वह एक गैर-ज़मानती अपराध है और इस बात की जांच होनी चाहिए कि उन्होंने दस्तावेज़ों में जालसाज़ी कैसे की। असम पुलिस की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि खेड़ा ने सरमा की पत्नी पर ये आरोप तब लगाए, जब विधानसभा चुनाव चल रहे थे। उन्होंने कहा कि खेड़ा ने रिंकी की तस्वीरें दिखाईं और नकली पासपोर्ट पेश किए; जांच में पता चला है कि खेड़ा के पास जो दस्तावेज़ थे, वे नकली थे। मेहता ने कहा कि खेड़ा अपराध की तारीख से ही फरार चल रहे हैं; हालांकि वे वीडियो जारी कर रहे हैं, जिससे पता चलता है कि उन्हें प्रथम सूचना रिपोर्ट के बारे में जानकारी है।

## रियान पराग पर BCCI ने लगाया भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। रियान पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है, जबकि आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन पर उनके खाता में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। रियान ने राजस्थान और पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 40वें मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन किया था जिसे लेकर अब कार्रवाई की गई है।

## आज फिर टूटा रुपया, शेयर बाजार भी लुढ़का


● पश्चिम एशिया में तनाव के चलते मुद्रा बाजार में हाहाकार



**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर 95.20 के सर्वकालिक निचले स्तर (ऑल-टाइम लो) पर आ गया है। इस भारी गिरावट के पीछे मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया में गहराता भू-राजनीतिक तनाव के चलते मुद्रा बाजार में हाहाकार मचा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को रुपया 95.01 पर खुला और जल्द ही 32 पैसे का गोता लगाकर 95.20 पर पहुंच गया। इससे पहले बुधवार को भी रुपया 20 पैसे गिरकर 94.88 के निचले स्तर पर बंद हुआ था। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में मची उथल-पुथल के बीच भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक एक बार फिर फिसल गए हैं। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 959.22 (-1.23%) अंकों तक टूट गया और 76,537.14 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी -285.66 (-1.18%) अंक कमजोर होकर 23,892.00 के स्तर पर पहुंच गया।

## ईरान हमले की ब्रीफिंग की खबर से तेल की कीमतों में बड़ा इजाफा

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल के पार कर गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 126.31 डॉलर प्रति बैरल तक चली गई, जो मार्च 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। फिलहाल यह 125 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास ट्रेंड कर रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प को आज ईरान के खिलाफ हमले से जुड़ी ब्रीफिंग दी जाएगी। सेंटकॉम ने ईरान के खिलाफ 'छोटे लेकिन बहुत ताकतवर हमलों' की प्लानिंग तैयार की है। इसका मकसद सीधे युद्ध को लंबा खींचना नहीं, बल्कि ईरान पर दबाव बनाना है ताकि वह बातचीत में झुक जाए। इसी खबर के बाहर आने के बाद तेल की कीमतें बढ़ी हैं। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने तंज कसते हुए कहा कि अगला पड़ाव 140 डॉलर होने जा रहा है।




## ईरान ने दी नये हथियार के इस्तेमाल की धमकी

● अमेरिकी नाकेबंदी के बावजूद ईरानी जहाज बंदरगाहों से रवाना होकर ख़ैरियत से पहुंचे मंजिल तक



### ट्रंप की रणनीति का भी उड़ाया मजाक

**नई दिल्ली।** ईरान ने युद्ध में अमेरिका और इजरायल के खिलाफ एक नए हथियार का इस्तेमाल करने की धमकी दी है। जानकारी के अनुसार, ईरानी नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शाहराम ईरानी ने एक न्यूज चैनल से कहा, 'इस्लामिक गणराज्य बहुत जल्द दुश्मन की सेनाओं का सामना एक ऐसे हथियार से करेगा, जिससे वे बहुत ज्यादा डरते हैं। वह हथियार उनके बिल्कुल बगल में ही है और मुझे उम्मीद है कि इससे उन्हें हार्ट अटैक आ जाएगा। क्योंकि यह एक ऐसा हथियार है जिससे हार्ट अटैक आ सकता है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की उस रणनीति का भी मजाक उड़ाया। जिसमें होर्मुज के रास्ते ईरानी तेल व्यापार को रोककर आर्थिक दबाव के ज़रिए तेहरान को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश की जा रही थी। ईरानी नौसेना के कमांडर ने कहा कि, मध्य-पूर्व में संवेदनशील अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई में कम से कम 100 सफल हमले किए हैं। कमांडर के अनुसार, ईरान ने अरब सागर की तरफ से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है। अगर वे और करीब आए, तो हम बिना किसी देरी के जवाबी कार्रवाई करेंगे। नाकाबंदी के बावजूद, कुछ जहाज हमारे बंदरगाहों से रवाना हो चुके हैं, और कुछ अपनी मंजिल तक पहुंच भी गए हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना की भी कड़ी आलोचना की, जिसे उन्होंने नाकाबंदी के हिस्से के तौर पर कुछ ईरानी जहाजों पर अवैध कब्जा बताया; उन्होंने इसे न सिर्फ समुद्री डकैती, बल्कि बंधक बनाना भी कहा। दुश्मनों ने गलतफहमी पाल ली है कि, ईरान से अपनी मनचाही बात बहुत आसानी से मनवा लेंगे। जबकि उनकी यही सोच अब एक मजाक बनकर रह गई है।' ईरान ने यह भी दावा किया कि उनकी सेनाओं ने अमेरिकी विमानवाहक पोत 'अब्राहम लिंकन' के खिलाफ कम से कम सात मिसाइल हमले किए हैं। उनके अनुसार, इन हमलों की वजह से अमेरिका कुछ समय के लिए उस विमानवाहक पोत से विमान उड़ाने या हवाई अभियान चलाने में असमर्थ हो गया था। ईरान का यह बयान उस समय सामने आया जब ट्रंप ने ईरान के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ट्रंप ने एक्सियोस को बताया है कि, वे ईरान के उस प्रस्ताव को ठुकरा रहे हैं, जिसमें अमेरिकी नाकाबंदी हटाने के बदले स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने की बात कही गई थी। यह एक ऐसी योजना थी, जिससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर होने वाली चर्चा टल जाती।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.5⁰C
● तापमान न्यूनतम : 23.0⁰C
● सूर्योदय : 05.26
● सूर्यास्त : 06.27
वाराणसी, 30 अप्रैल, गुरुवार, 2026 (3)





उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 में महिला आरक्षी पद पर चयनित आशा लाइब्रेरी एवं अध्ययन केंद्र भंदहां कला की छात्रा रही शब्बो बानो के प्रथम आगमन पर किया गया अभिनंदन

जनमुख डेस्क

### व्यापारी हत्याकांड की हकीकत जानने जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन ने रोका

# पुलिस से झड़प, सड़क पर धरना

## चार किमी पहले ही लगा दी गयी बैरिकेडिंग, दोनों तरफ लगा लंबा जाम

● महिला को कार से धक्का लगने पर मनबढ़ों ने कारोबारी की पीट-पीटकर ली थी जान, निकाली ली थी आंखें

● घटना के पांचवें दिन भी गांव में रोष, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात



**वाराणसी।** वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के व्यापारी मनीष सिंह की मामूली विवाद में पीट-पीटकर हत्या की हकीकत जानने पहुंचे सपा नेताओं की पुलिस से तकरार हो गई। समाजवादी प्रतिनिधिमंडल को गांव में जाने से रोकने पर सपा नेता भिड़ गए, पुलिस ने सभी को आगे जाने से रोक दिया तो सपा नेता सड़क पर बैठ गए। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और धरना शुरू कर दिया। भरथरा घमहापुर गांव से 4 किमी पहले ही पुलिस बैरिकेडिंग लगाकर आगे जाने से रोक रखा है। सपा के धरने के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है और सपा नेता गांव जाने की जिद पर अडे हैं। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व पार्षद और मेयर प्रत्याशी ओपी सिंह, सांसद चंदौली के प्रतिनिधि नवीन सिंह बबलू, समेत कई जिले के नेता शामिल हैं। उन्होंने इस कार्रवाई को दमनकारी को पुलिसिया नाकामी पर पर्दा डालने की कोशिश बताया। बता दें कि रविवार रात महिला को कार का धक्का लगने से नाराज मनबढ़ ग्रामीणों ने दोना-पत्तल कारोबारी 36 वर्षीय मनीष सिंह की हत्या कर दी थी। हमलावरों ने उनका सिर और चेहरा कूंचने के बाद आंखें निकाल लीं थीं। मृत कारोबारी के चाचा अरुण कुमार सिंह की तहरीर पर आठ नामजद और सात अज्ञात हत्यारोपियों पर केस दर्ज किया गया है। वहीं घटना के 5वें दिन भी गांव में पूरे चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।

# पत्नी की हत्या कर पति फरार

● गला दबाकर दिया घटना को अंजाम, सर्विलास के सहारे तलाश में जुटी पुलिस




**वाराणसी।** घरेलू विवाद में पति ने की पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। लक्सा थाना क्षेत्र के औरंगाबाद में बुधवार की रात हुई घटना की जानकारी खुद पुलिस को देकर फरार हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर हत्यारोपित की तलाश कर रही है। जंगमबाड़ी स्थित ब्यूटीपार्लर में काम करने वाली पूनम शर्मा ने पहले पति की मौत के बाद लक्सा निवासी मनोज शर्मा से शादी की थी। दोनों औरंगाबाद निवासी राजू के मकान के प्रथम तल पर किराए पर रहते थे। उनके बीच अक्सर विवाद होता था। बुधवार की रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ जिसके बाद आक्रोश में आकर पति ने पूनम की गला दबाकर हत्या कर दी। रात भर शव के साथ रहा सुबह लक्सा पुलिस को हत्या की सूचना देकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची लक्सा थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लक्सा थाना प्रभारी राजू कुमार के अनुसार सर्विलांस की मदद से हत्यारोपित की तलाश की जा रही है।

### तीन वर्ष की चैंपियन अवंतिका चौथे वर्ष भी दांव आजमाएंगी

**वाराणसी।** राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लगातार तीन वर्ष की चैंपियन लेढूपुर निवासी अवंतिका सिंह चौथे वर्ष पदक के लिए दांव आजमाएंगी। कोच दिलीप सैनी ने बताया कि अवंतिका 2023 से लगातार हर वर्ष काता और कुमिते में स्वर्ण पदक जीत रही हैं। लगातार चौथे वर्ष भी उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कुमिते स्पर्धा में हुआ है। खिलाड़ियन केंद्र के 10 खिलाड़ियों ने प्रदेशिक कराटे में पदक जीता है। इस वर्ष खिलाड़ियन केंद्र के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय कराटे के लिए यूपी टीम में चयनित हुए है। ये सभी लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते हैं। कुल 10 खिलाड़ियों ने पदक जीता है। चयनित चार खिलाड़ी आगामी जून माह देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में यूपी टीम से खेलेंगे। खिलाड़ियों को संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सुमन सिंह, गुंजन यादव, अंजली शर्मा, रितिका यादव, आयुषी मौर्य आदि ने बधाई दी है।

# जाते-जाते राहत तो कहीं आफत दे गया अप्रैल

● कई जगहों गिरे पेड़ और पोल, घंटों बिजली गुल, गर्मी के सताये लोगों के लिए मौसम हो गया सुहाना



**वाराणसी।** तीखी धूप और भयानक और गर्म हवाओं के थपेड़े से हलकान करने वाला अप्रैल का महीना जाते-जाते पसीना पोछते लोगों को बड़ी राहत दे गया। कल बुधवार से ही तब्दील मौसम आज गुरुवार को भी वातावरण में नमी बनाये रहा। हालांकि सुबह आठ-साढ़े आठ बजे तक धूप निकली रही और बादल-बारिश के कहीं कोई आसार नहीं थे। लेकिन नौ के बाद अचानक आसमान पर बादलों ने कब्जा जमा लिया और गांव-गिरांव के साथ-साथ शहर के कई इलाकों में खासा पानी बरसा जिससे गर्मी और धूप के सताये लोगों के चेहरे पर राहत के भाव देखे गए। ट्राली-रिक्शा चलाकर जीवकोपार्जन करने वाले और पैदल या साइकिल से मंजिल तय करने वालों के लिए जाते-जाते यह महीना, एक दिन के लिए ही सही, मौसम सुहाना कर गया। लेकिन कुछ जगहों पर मौसम में आयी इस हाहाकारी तब्दीली ने खासी तबाही मचायी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण पूरे क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ गई। तेज हवाओं के चलते अनेक पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों और खेतों में गिर गए। कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी धराशायी हो गए जिससे लंबी अवधि के लिए विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ गयी। विद्युत उपकरणों के उपयोग में दिक्कतें आयीं। बड़ागांव थाना क्षेत्र की ग्राम सभा हसनपुर में तेज आंधी, तूफान और भारी बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है। अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित हुआ और कई पेड़ उखड़ गए, जिससे संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। मुसहर बस्ती में एक पेड़ गिरने से बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इसके अतिरिक्त, शादी-विवाह के सीजन में मांगलिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे परिवारों को भी बिजली गुल होने से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।


### महिला आरक्षी शब्बो का आशा लाइब्रेरी आगमन पर किया गया अभिनंदन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 में महिला आरक्षी पद पर चयनित आशा लाइब्रेरी एवं अध्ययन केंद्र भंदहां कला की छात्रा रही शब्बो बानो का प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लाइब्रेरी में प्रथम आगमन पर माल्यार्पण, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न द्वारा शानदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि आशा लाइब्रेरी की छात्रा शब्बो के चयन होने से यह स्पष्ट सन्देश है कि यदि पर्याप्त संसाधन और उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो तो सामान्य परिवार के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सकते हैं । इस अवसर पर प्रदीप सिंह, साधना पाण्डेय, दीन दयाल सिंह, सौरभ चन्द्र, सनी, सरोज सिंह, श्वेता सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# प्रवक्ता पद के लिए परीक्षा 9-10 मई को

● 624 पदों के लिए 4.64 लाख अभ्यर्थी आजमाएंगे किस्मत



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रवक्ता (विज्ञापन संख्या-02/2022) के तहत 624 पदों के लिए लिखित परीक्षा 9 व 10 मई को आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में कुल 4,64,605 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिसके लिए प्रदेश के 17 जनपदों में 319 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। वहीं वाराणसी में इसके लिए 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दोनों दिनों में प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक संचालित की जाएगी। यह परीक्षा आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, बांदा, अयोध्या, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मीरजापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं वाराणसी जनपदों में आयोजित होगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया है कि परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना 30 अप्रैल से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर आवश्यक विवरण दर्ज कर अपने परीक्षा जनपद की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। जारी की जाने वाली अग्रिम सूचना प्रवेश पत्र नहीं होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र 06 मई से आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

### बैठक में प्रत्याशियों से 2027 चुनाव के लिए जुट जाने का आह्वान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पृथक पूर्वांचल निर्माण को लेकर पूर्वांचल मूवमेंट व बहुजन समता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई जिसमें आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 में पूर्वांचल जिले की 11 विधानसभा क्षेत्र में पार्टी द्वारा समर्थित प्रत्याशियों को मजबूती के साथ जुट जाने का आह्वान किया गया एवं पूर्वांचल को रोजगार हब और आईटी हब बनाने का संकल्प लिया गया।

### रीति-रिवाज के साथ बाबा कीनाराम स्थल पर 55 जोड़ों का सामूहिक विवाह कल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम रामजी के अवतरण दिवस पर एक मई को बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड परिसर में सामाजिक संस्था अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के सौजन्य से 55 जरूरतमंद नवयुवक-नवयुवतियों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। यह जानकारी अघोरपीठ बाबा कीनाराम स्थल क्रीं-कुण्ड परिसर में आयोजित प्रमुख व्यवस्थापक अरूण सिंह एवं महिला मंडल के सदस्य व कार्यक्रम की संयोजिका रूबी सिंह ने देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह पवित्र तीर्थस्थल क्रीं-कुण्ड, रविन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित बाबा कीनाराम स्थल पर रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे तक हल्दी के पश्चात रात आठ बजे मध्य रात्रि तक सम्पन्न होगा। तत्पश्चात् प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से अघोरपीठ के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम रामजी का नवविवाहित जोड़ों के साथ-साथ सभी भक्तगणों को आशीर्वाद प्राप्त होगा।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# काशी में अमरत्व का मार्ग बन जाती है मृत्यु



● मेहता आर्ट गैलरी में कोरस-2026 'काशी' पर परिचर्चा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के निवर्तमान चेयरमैन एवं प्रख्यात ज्योतिषाचार्य प्रो. नागेंद्र पांडेय ने कहा कि काशी वह अद्वितीय नगरी है, जहां मृत्यु भी अमरत्व का मार्ग बन जाती है। काशी विश्वनाथ की इस पावन भूमि पर जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर समाप्त हो जाता है और मरण को भी मंगल माना जाता है। काशी केवल एक शहर नहीं, बल्कि एक ऐसी आध्यात्मिक सत्ता है, जो भौतिक धरातल से ऊपर उठकर आत्मिक चेतना का अनुभव कराती है। प्रो. पांडेय मड़ौली स्थित मेहता आर्ट गैलरी में आयोजित 'कोरस-2026' के तहत 'काशी' पुस्तक पर परिचर्चा के दौरान बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ चित्रकार अमित कुमार के संयोजन में किया गया। परिचर्चा में उन्होंने कहा कि काशी में आने वाला व्यक्ति भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि मुक्ति की तलाश में आता है। वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ भट्टाचार्य ने कहा कि यह एक ऐसा शहर है, जहां विभिन्न विचारधाराएं और आस्थाएं बिना टकराव के सह-अस्तित्व में रहती हैं। वर्तमान समय में वाराणसी में करीब 26 धर्मों के अस्तित्व के संकेत मिलते हैं, जिनके अनुयायियों की संख्या विश्व स्तर पर एक करोड़ से अधिक है। इतिहासकार डॉ. मोहम्मद आरिफ ने काशी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बहुलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शहर हमेशा से विभिन्न धार्मिक धाराओं का केंद्र रहा है, जो इसे अन्य शहरों से अलग बनाता है।



## मीरजापुर समाचार

### टोल का बूम तोड़ते हुए कार 100 मीटर आगे जाकर पलटी, युवक की मौत



**मीरजापुर।** बरात में मध्य प्रदेश जा रहे नशे में धुत कार चालक ने मंगलवार शाम को लालगंज थान क्षेत्र के अतरैली टोल प्लाजा के बूम को तोड़ते हुए 100 मीटर आगे जाकर पलट गया। पलटते हुए कर एक मकान से जा टकराई। हादसे में दिलीप मौर्या (22) की मौत हो गई। अन्य पांच को हल्की चोट लगी। लालगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि भदोही के मुंशीलाटपुर निवासी विद्यासागर ने बताया कि जीजा के छोटे भाई दिलीप मौर्या (22) पड़ोस के साथी शुभाजीत राय की बरात में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश जा रहे थे। कार में चालक को लेकर छह लोग थे। बताया कि कार चालक नशे में था। लालगंज के अतरैली टोल प्लाजा के पास कार टोल प्लाजा के बूम को तोड़ते हुए आगे जाकर पलट गया। हादसे में दिलीप को गंभीर चोट लगी। उसे सीएचसी लालगंज ले जाया गया। जहां से उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। शादी में शामिल होने के लिए ही 22 अप्रैल को घर आया था। ने बताया कि टोल प्लाजा के बुम को तोड़ते हुए कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए एक मकान से टकराई। इसमें दिलीप को गंभीर चोट लगी थी। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। लालगंज अतरैली टोल प्लाजा के पास हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

## भदोही समाचार

**कार की टक्कर से युवक की मौत**

**जंगीगंज।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के बिहसपुर गांव के पास बुधवार की शाम हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार लवकुश यादव (19) पुत्र रमाशंकर निवासी गुलौरी की मौत हो गई। लवकुश चार बहनों में इकलौता भाई था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार को कब्जे में ले लिया। चालक मौका देख भाग गया। हादसे से नाराज लोगों ने गोपीगंज कोतवाली के सामने शाम करीब छह बजे जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने करीब एक घंटे बाद शाम सात बजे लोगों ने जाम समाप्त किया। गुलौरी निवासी लवकुश यादव पुत्र रमाशंकर अपनी बाइक से किसी काम के लिए जंगीगंज तरफ जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही कार ने महावीर मंदिर के सामने हाईवे ओवरब्रिज पर टक्कर मार दिया। इस हादसे में सिर और सीने में गंभीर चोट लगने से लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई।

## जौनपुर समाचार

### कीटनाशक खाने से विवाहिता की मौत

**शाहगंज।** क्षेत्र के ताखा पूरब गांव में बुधवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मामूली विवाद के बाद विवाहिता ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी रमेश गौड़ की पुत्री (25) वर्षीय नंदनी गौड़ की शादी चार वर्ष पूर्व ताखा पूरब गांव निवासी लालचंद गौड के बेटे विशाल गौड़ से हुई थी। बुधवार सुबह विवाहिता किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आजमगढ़ जनपद के अमरेथू गांव जाने की बात कह रही थी। इसी बात को लेकर ससुराल पक्ष ने उसे जाने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने कथित तौर पर कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर ससुराल पक्ष ने मायके वालों को सूचना दी और उसे फैजाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता रमेश गौड़ ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उनका कहना है कि दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को लगातार मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित किया जाता था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।

## चंदौली समाचार

**रोस्टर से करें बिजली आपूर्ति, उपकेंद्र पर 24 घंटे रहें कर्मचारी : डीएम**

**पीडीडीयू नगर।** बिजली निगम उपभोक्ताओं को रोस्टर के हिसाब से बिजली दें। उपकेंद्रों पर कर्मचारी और अधिकारी 24 घंटे उपस्थित रहें। यह निर्देश डीएम चंद्रमोहन गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली निगम के अधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति की समीक्षा बैठक में दिए। डीएम ने निगम के अधिकारियों से कहा कि कई उपभोक्ता फोन से शिकायत करते हैं। सब स्टेशन पर फोन से प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करें।

डीएम ने कहा कि शिकायत प्राप्त होते ही ऑनलाइन शिकायतों का फीडबैक लिया जाए। उन्होंने विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि करने, नए ट्रांसफॉर्मर लगाने तथा ओवरलोड लाइनों को विभाजित किए जाने के निर्देश दिए।

## मऊ समाचार

### डंपर की टक्कर से हेड कांस्टेबल की मौत



**मऊ।** रात्रि गश्त पर निकले हेड कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से पुलिस जीप में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की जीप 15 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में जीप में सवार 3 अन्य लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के वक्त जीप चला रहे हेड कांस्टेबल के सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। बाकी घायल तीन साथियों ने किसी तरह वैन से निकल कर थाने पर सूचना दी। हादसे में गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी मदद के लिए दौड़ पड़े। घटना बुधवार देर रात घोसी कोतवाली क्षेत्र की है। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपी चालक की तलाश जारी है। घटना जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर घोषी कोतवाली की है। जहां रात्रि गश्त के लिए हेड कांस्टेबल पवन यादव (38) अपने तीन साथी विनोद कुमार, सिपाही प्रीतम सिंह और पीआरडी जवान ओम प्रकाश के साथ रात 2 बजे निकले थे। तभी वाराणसी-गोरखपुर हाईवे पर बनियापार गांव के पास अचानक डंपर ने पीछे से जीप में टक्कर मार दी। पवन यादव ड्राईविंग सीट पर थे इसलिए उन्हें गंभीर चोटें आने से उनकी मौत हो गई।

## आजमगढ़ समाचार

**जिले में तीन मई को 20 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 9539 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे**

**आजमगढ़।** आगामी नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई डीएम ने बताया कि 3 मई को जनपद के 20 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में दोपहर 2 से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में कुल 9539 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओआरएस की व्यवस्था की जाए तथा बायोमेट्रिक सत्यापन स्थलों पर छाया की समुचित व्यवस्था हो। सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लिखित रूप में सुनिश्चित करने और समय से ऑब्जर्वर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए गए।

## सुल्तानपुर समाचार

### आंधी-पानी ने मचाई तबाही, सात की मौत



**सुल्तानपुर।** जिले में बुधवार दोपहर बाद आए आंधी-पानी ने तबाही मचा दी। जिले के बल्दीराय, हलियापुर, कुड़वार, बंधुआकला व अखंडनगर में हुए हादसों में एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। चपेट में आने से आठ अन्य लोग भी घायल हो गए हैं। बुधवार अपराह्न तीन बजे के बाद आई आंधी से बल्दीराय के कस्बा माफियात निवासी सुरेश कुमार सोनकर का छप्पर गिर पड़ा। उनकी पुत्री महिमा (8) गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इसी बीच बालिका ने दम तोड़ दिया। आंधी से हलियापुर के पूरे निधई तिवारी मजरे डोभियारा गांव में बम बहादुर के घर का छप्पर गिर गया। छप्पर के नीचे दबने से उनकी पत्नी रीता (35) की मौत हो गई। तेज हवा से बल्दीराय के सिंघनी निवासी रामबरन (65) के घर पर गूलर का पेड़ गिर पड़ा। मलबे में दबने से रामबरन की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी श्यामलली (50) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें बल्दीराय सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कुड़वार के पूरे शिव वंश निवासी महेंद्र तिवारी (20) पर घर के बगल स्थित बिजली का खंभा गिर पड़ा। गंभीर हालत में उन्हें कुड़वार सीएचसी पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बंधुआकला के दाउदपुर निवासी अरविंद गुप्ता के घर के सामने जामुन की पेड़ की डाल गिरने से उनकी पत्नी सुषमा देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी मुसाफिरखाना ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अखंडनगर के बरामदपुर में स्व. विजय बहादुर के निर्माणाधीन मकान का छप्पर व छज्जा आंधी के दौरान गिर पड़ा। उसके नीचे दबकर उनका पुत्र सुरेमन (8), भतीजा विकास (16) व किशन (11) गंभीर रूप से घायल हो गए। सुरेमन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। विजय के भाई अरुण ने बताया कि छप्पर गिरने से राजबहादुर की दो गाय व एक बकरी की भी मौत हो गई। वहीं, बल्दीराय के पूरे सुकाल तुलसीपुर निवासी बलराम यादव (65) आंधी के दौरान छप्पर के नीचे दबकर घायल हो गए।

## गाजीपुर समाचार

**संदिग्ध हालात में युवक की मौत**

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्की गांव में मंगलवार देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह कमरे में अचेत मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि रामपुर मिल्की निवासी शिवसरन बिंद ने बताया कि पुत्र गोविंदा कुमार बिंद (20) दो पुत्रों में बड़ा था। वह बाहर निजी नौकरी करता था। करीब दो महीने पहले छुट्टी पर घर आया था। रात में गोविंदा भोजन करने के बाद कमरे में सोने चला गया था। जब काफी देर तक गोविंदा कमरे से बाहर नहीं आया, तो वे उसे देखने गए। वहां वह अचेत मिला। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पिता शिवसरन बिंद ने आशंका जताई कि पुत्र ने विषाक्त पदार्थ खा लिया है। हालांकि, परिवार को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उसने यह कदम क्यों उठाया है।

## बलिया समाचार

### 2 दिन पहले डीएम के दिए निर्देश पानी में... 25 लोगों को एक नाव पर बैठाया



**बलिया/नरही।** लगन और मुंडन संस्कार के चलते बुधवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन के निर्देश के बावजूद नाविकों ने मनमानी की। दो दिन पहले डीएम ने मुंडन के दौरान नाविकों को अतिरिक्त सवारी नहीं बैठाने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसका पालन नहीं हुआ। एक-एक नाव पर क्षमता 10 से 15 की जगह 20-25 लोगों को बैठाया गया। आपात स्थिति से निपटने के लिए नावों पर न तो लाइफ जैकेट थी और न ही सुरक्षा के अन्य उपकरण। चैनछपरा निवासी मुन्ना साहनी ने बताया कि प्रशासन की ओर से ओवरलोडिंग नहीं करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन नाविकों ने मनमानी की। सरंया उजियार घाट पर मुंडन संस्कार के लिए आए श्रद्धालुओं ने नाविकों पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए। लोगों ने कहा कि घाटों पर न तो कोई किराया सूची अंकित है और न ही प्रशासन का कोई नियंत्रण दिखा। हनुमानगंज निवासी शिवजी राजभर ने बताया कि ओहार के लिए 1200 रुपया ले लिए गए। पूजा के नाम पर 250 लिया गया। गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के महेंद गांव निवासी दादेश्वर पासवान ने बताया कि ओहार के लिए 3200 लिए गए। कोई लाइफ जैकेट नहीं थी। नाव पर 20 से ज्यादा लोग सवार थे।

## देवरिया समाचार

**गला दबाकर की गई थी विवाहिता की हत्या, तीन गिरफ्तार**

**देसही देवरिया।** मुंडेरा चंद गांव में मंगलवार को विवाहिता प्रियंका की गला दबाकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने इस मामले में हत्या और दहेज उत्पीड़न के तीनों आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रियंका की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। परिजन आत्महत्या का रूप देने में लगे थे। कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव के हेड़ा टोला निवासी छोटेलाल सिंह की पुत्री प्रियंका की शादी 9 जून, 2019 को महुआडीह थानाक्षेत्र के मुंडेरा चंद के लमरहिया टोला के जयश्री सिंह के साथ हुई थी। मंगलवार को प्रियंका (28) का शव कमरे में बेड पर मिला था। मायके वालों ने पति, सहित परिजनों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था।

## प्रयागराज समाचार

### दो मई से रोज चलेगी पुणे अमृत भारत, स्लीपर में 515 बर्थ का कोटा



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सफर करने वाले रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने के बाद रेल प्रशासन ने बनारस-हडपसर (पुणे) अमृत भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस की नियमित समय सारिणी जारी कर दी है। यह अत्याधुनिक और किफायती ट्रेन आगामी दो मई से प्रतिदिन पटरी पर दौड़ती नजर आएगी। विशेष रूप से प्रयागराज और बनारस के यात्रियों के लिए इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी की 515 सीटें आरक्षित की गई हैं, जिससे पुणे की राह अब और भी आसान हो जाएगी। गाड़ी संख्या 22589 बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस दो मई से रोजाना शाम 6:15 बजे बनारस से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन ज्ञानपुर रोड होते हुए रात 8:30 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। फतेहपुर, गोविंदपुरी, उरई, झांसी होते हुए अगले दिन मध्य प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों को पार करते हुए रात 12:10 बजे हडपसर (पुणे) पहु-ंचेगी।वापसी में गाड़ी संख्या 22590 हडपसर-बनारस एक्सप्रेस चार मई से प्रतिदिन सुबह 07:50 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 11:30 बजे प्रयागराज जंक्शन एवं दोपहर 2:30 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन पूरी तरह से गैर-वातानुकूलित (नॉन-एसी) प्रीमियम श्रेणी की है, जिसे आम आदमी की सुविधाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। प्रयागराज से हडपसर तक का किराया मात्र 820 रुपये तय किया गया है।

ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें आठ शयनयान (स्लीपर), 11 सामान्य द्वितीय श्रेणी, दो एसएलआरडी और एक पैंट्री कार शामिल है।

स्वदेशी तकनीक से निर्मित यह ट्रेन आत्मनिर्भर भारत का जीवंत उदाहरण है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें कवच प्रणाली और ईपी-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम लगाया गया है, जो आपात स्थिति में त्वरित सुरक्षा प्रदान करता है। यात्रियों के आराम के लिए इसमें पुश-पुल तकनीक और सेमी-ऑटोमेटिक कपलर का उपयोग किया गया है, जिससे सफर के दौरान झटके महसूस नहीं होंगे। कोचों के भीतर यात्रियों को फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, बॉटल होल्डर और रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## सोनभद्र समाचार

### मुंबई जा रहे इकलौते बेटे की ट्रेन से गिरकर मौत

**सोनभद्र।** क्षेत्र के बहेड़वा हाल्ट प्लेटफॉर्म पर बुधवार को प्रयागराज की ओर जा रही ट्रेन से गिरकर सोनभद्र निवासी 24 वर्षीय लवकुश की मौत हो गई। वह ट्रेन के गेट पर खड़ा था। अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

बहेड़वा आराजीलाइन के ग्राम प्रधान संजय कुमार ने 112 पुलिस और जीआरपी रेलवे को सूचना दी। युवक के पास मिले मोबाइल फोन के आधार पर उसकी पहचान सोनभद्र के म्योरपुर थाना क्षेत्र के रामपहरी गांव निवासी लवकुश के रूप में हुई। सूचना के बाद मिर्जामुराद पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन जीआरपी के आने में करीब दो घंटे का समय लग गया। बाद में जीआरपी चौकी प्रभारी माधो सिंह और स्टेशन प्रभारी धर्मेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार, लवकुश मंगलवार देर रात नौकरी के सिलसिले में मुंबई जाने के लिए घर से निकला था। उसके साथ गांव के तीन अन्य दोस्त भी यात्रा कर रहे थे। मृतक अपने पिता ज्ञानचंद का इकलौता पुत्र था और अविवाहित था। उसके पिता पेशे से राजगीर मिस्त्री हैं। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के आने पर विधिक कार्रवाई के बाद जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**छह महीने पहले लावारिस हाल में मिली बच्ची की मौत**

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के वन स्टॉप सेंटर में जिंदगी-मौत से जूझ रही छह महीने की बच्ची की बुधवार की दोपहर बाद मौत हो गई। उसे छह महीने पहले जिले की सीमा से सटे छत्तीसगढ़ में लावारिस हाल में पाया गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया। सोनभद्र के ही एक व्यक्ति ने उसे गोंद लेने की इच्छा जाहिर की थी।

## गोरखपुर समाचार

### गोरखपुर में मिट्टी में धंसी महिला-बच्चे की लाश मिली




**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके में सूखे नाले की मिट्टी में दफन 30 साल की महिला और नवजात बच्चे की लाश मिली है। गुरुवार सुबह नाले की मिट्टी से एक हाथ बाहर आ गया था। जिसे देखकर टहलने आए आस-पास के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जमीन के नीचे दो फीट की खुदाई कर दोनों शव को बाहर निकलवाया। महिला जींस और टॉप पहने हुए है। वहीं बच्चे की बॉडी पूरी तरह गल गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों लाश पूरी तरह गल गई है। एक सप्ताह पुराना शव लग रहा है। घटनास्थल पर नोचे हुए बाल भी मिले हैं। लोगों का कहना है कि जानवरों ने बाल नोचे होंगे। पुलिस शवों की पहचान करा रही है। ऑनर किलिंग की आशंका पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुलरिहा क्षेत्र के जैनपुर ग्राम सभा टोला मसूदाबाद में गुरुवार सुबह सूखे चोरहिया नाले में मिट्टी के अंदर धंसा एक हाथ देखा गया। सुबह-सुबह आस-पास के लोग वहां टहलने आए थे। हाथ देखकर वे पहले घबरा गए। इसके बाद शोर मचाने लगे। जिसके बाद 50 से अधिक लोग वहां जुट गए। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दी।

**गोरखपुर से कारगिल तक युवक ने शुरू की साइकिल यात्रा**

**गोरखपुर।** नौका बिहार के फ्लोटिंग रेस्टोरेंट से एक साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर आलोक अग्रवाल, प्राची और तोसीत समेत कई लोग मौजूद रहे और युवा साइक्लिस्ट का उत्साह बढ़ाया। यह साइकिल यात्रा 20 वर्षीय युवा शिवम पटेल द्वारा शुरू की गई है। जिसका उद्देश्य देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देना और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना है। 'करौता से कारगिल' नाम से शुरू हुई इस यात्रा की शुरुआत 27 अप्रैल सोमवार को सुबह 8 बजे शिवम ने अपने पैतृक गांव करौता स्थित हनुमान मंदिर से की थी। यात्रा के दौरान शिवम पटेल ओवरी चौक होते हुए महाराजगंज पहुंचे।

## लाइफ मंत्र

### इस बार 2 महीने का होगा ज्येष्ठ मास, जानें सही तारीख और विशेष नियम





साल 2026 में कुछ ऐसा होने वाला है जो हर किसी को हैरान कर रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार ज्येष्ठ का महीना 30 दिन का नहीं, बल्कि 60 दिन का होगा। ज्येष्ठ का महीना 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक चलने वाले है। दरअसल इस माह में अधिकमास का संयोग भी बन रहा है। जिस कारण ज्येष्ठ मास दो महीने तक रहेगा। हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह को पवित्र माना गया है। क्योंकि इसी महीने में शनि देव का जन्म हुआ था और यही वो पावन मास है जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भेंट हनुमान जी से हुई थी। सबसे पहले समझते हैं कि अधिकमास 3 साल में 1 ही बार क्यों आता है। हिंदू कैलेंडर 'चंद्र' और 'सूर्य' दोनों की गति पर चलता है। एक चंद्र वर्ष लगभग 354 दिन का होता है, जबकि सौर वर्ष 365 दिन का। इस अंतर को मिटाने के लिए हर तीन साल में एक 'अधिक मास जुड़ता है। 2026 में ज्येष्ठ मास के साथ यही संयोग बन रहा है। तो आइए जानते हैं ज्येष्ठ माह के सही तारीख और विशेष नियम के बारे में-

**ज्येष्ठ माह 2026 सही तारीख**

साल 2026 में ज्येष्ठ का महीना 2 मई से शुरू होगा और 29 जून 2026 तक चलेगा। इसमें 17 मई से 15 जून तक 'अधिक ज्येष्ठ मास' रहेगा। इसी कारण यह महीना कुल 58-59 दिनों का होगा। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर 'ज्येष्ठा नक्षत्र' का योग बनने के कारण ही इस माह का नाम 'ज्येष्ठ' पड़ा है। शास्त्रों में ज्येष्ठ मास की महिमा का वर्णन करते हुए स्कंद पुराण में कहा गया है-

**'ज्येष्ठे मासि तु यत् दानं,**
**जलदानं विशेषतः**
**तेन तुष्यति देवेशो, विष्णुः**
**सर्वफलप्रदः?'**

अर्थात, इस महीने में जल का दान करने से भगवान विष्णु अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

पद्म पुराण में कहा गया है 'ज्येष्ठे स्नानं विशेषेण, सर्वपापप्रणाशनम्' अर्थातः ज्येष्ठ मास में किया गया पवित्र स्नान सभी पापों का नाश करने वाला माना गया है। भविष्य पुराण के अनुसार इस महीने में व्रत और तप करने से मनुष्य को मोक्ष प्रदान करने वाला पुण्य प्राप्त होता है।

**ज्येष्ठ माह के नियम**

इस महीने में एक समय भोजन करना श्रेष्ठ माना गया है।

महाभारत अनुशासन पर्व में इसका उल्लेख मिलता है, जिससे शरीर निरोगी रहता है। इस पूरे महीने दिन में सोने से बचना चाहिए। यदि स्वास्थ्य कारणों से आवश्यकता हो तो विश्राम किया जा सकता है। प्रतिदिन सूर्योदय से पहले स्नान करके सूर्य देव को जल अर्पित करना अत्यंत शुभ माना गया है।

पेड़-पौधों को पानी देना, पक्षियों और पशुओं की सेवा करना भी इस महीने का प्रमुख धर्म है। इस माह में जल दान का विशेष महत्व है, जैसे प्यासे लोगों को पानी पिलाना या प्याऊ लगवाना। इस महीने में घड़ा या सुराही दान करना चाहिए।

**ज्येष्ठ माह में क्या नहीं करना चाहिए?**

ज्येष्ठ माह में गर्मी चरम पर रहती है, ऐसे में पानी की बर्बादी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इससे वरुण दोष लगने की मान्यता है। आयुर्वेद के अनुसार इस समय शरीर में गर्मी और वात बढ़ता है, इसलिए वात बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए। ज्यादा मसालेदार और गरिष्ठ भोजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, इसलिए सादा भोजन अपनाएं। इस महीने बैंगन का सेवन वर्जित माना गया है, इसे संतान के लिए अशुभ बताया गया है। ज्येष्ठ मास में बाल कटवाना और नाखून काटना भी वर्जित माना गया है। लहसुन और राई जैसे तीखे पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए। मांसाहार और मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए, ताकि मन और शरीर शुद्ध बना रहे।

# ज़िंदगी और छुट्टियां



नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। एआई से जो मर्ज़ी पूछ लीजिए, तनमन चाही जगहों पर अपनी तस्वीरें बनवा लीजिए लेकिन घुमक्कड़ी का लुत्फ़ उठाने के लिए वहां सशरीर ही जाना पडेगा। उससे पहले माल चाहिए और छुट्टी भी। एक बार मिली ज़िंदगी में सबसे ज़्यादा छुट्टियां सरकारी नौकरी में ही हो सकती हैं। पति या पत्नी सरकारी नौकरी में हों तो किस्मत और जुगाड़ दोनों जेब में रह सकते हैं। पोस्टिंग का प्रबंधन भी हो जाता है। सरकारी नौकरी की तो वाह वाह है जी। आम समाज में उन लोगों की सामाजिक रेटिंग कम रहती है जिनके परिवार से एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं होता। सरकारजी के वश में हो तो सभी को सरकारी नौकरी दे दे और अपने वोट पक्के कर ले। नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। निजीकरण के ज़माने में भी सरकारी **नौकरी की चाहत कम नहीं होती जी। छुट्टियों का खज़ाना जमा** आम तौर पर साल के दौरान होने वाली छुट्टियां, ज़िंदगी में बहार की तरह आती हैं लेकिन रविवार को घोषित छुट्टियां पतझड़ सी उदासी लाती हैं। अगर यही अवकाश दूसरे वार को हों तो मौसम सुहाना रहता है। कई बार वैकल्पिक अवकाश भी रविवार को आते रहे हैं जो अनचाही तेज़ बारिश वाले दिन की तरह होते हैं । कई त्योहारों या प्रसिद्ध जन्मदिन का अवकाश, शनिवार या सोमवार को रहता है तो स्थानीय मेला सा लगता है। अगर कोई छुट्टी दूसरे शनिवार को घोषित हो जाए तो इस बात की भी तारीफ़ नहीं की जाती क्योंकि उस दिन पहले ही अवकाश होता है। इस साल भी राष्ट्रीय अवकाश सिर्फ तीन हैं, धार्मिक और सांस्कृतिक छुट्टियां उन्नीस होनी हैं। एक राज्य में, बावन वीकेंड यानी शनिवार रविवार मिलाकर, एक सौ सत्ताईस अवकाश हैं। दूसरे राज्य में तीन अवकाश ज्यादा हैं। इसके इलावा तीन ऐच्छिक, तेरह आकस्मिक, पंद्रह मेडिकल, तीस अर्जित यानी साल में छ महीने की शानदार छुट्टी। इतनी छुट्टियां हैं कि हर दूसरे दिन दफ्तर जाने की सुविधा है। किसी आम व्यक्ति ने काम से जाना हो तो उसे पहले पता कर लेना चाहिए, फलां कर्मचारीजी आज अवकाश पर तो नहीं। दो तीन सप्ताह के बाद, तीन दिन का सप्ताहांत भी उपलब्ध है। कुछ छुट्टियां शुक्रवार या शनिवार को भी होती हैं जिनके साथ एक छुट्टी लेकर कई छुट्टियां एक साथ हो सकती हैं। एक छुट्टी ले लेने से चार दिन की छुट्टी हो जाती है और दो लेने से पांच या छ दिन का थका देने वाला आराम। काफी ज़्यादा समझदार लोगों का सुझाव है कि यदि कोई त्योहार या अवकाश दूसरे शनिवार या रविवार को आ रहा हो, उसकी सरकारी छुट्टी किसी अन्य वार को कर देनी चाहिए, जिस वार को पहले से छुट्टी न हो। सरकार अपने सभी काम समझदारी से करती है, सुबह से शाम तक खूब काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियां ही उचित तरीके से नहीं करती। कुछ छुट्टियों का दिन बदल दे तो वोट बैंक ही बढेगा। इस तरह सरकारी राजनीतिक पार्टी, काफी वोटें, आने वाले चुनाव के लिए अपने पक्ष में सुनिश्चित कर सकती है। छुट्टियों का खालिस मज़ा लेने के लिए सरकारी नौकरी में प्रवेश करने की कोशिश करते रहना बहुत ज़रूरी है।




# लापरवाही को छिपाना (व्यंग्य)

**हमारे यहां लापरवाही एक विकसित परम्परा है। कोई दुर्घटना, नुकसान होता है तो जांच शुरू होने से पहले लापरवाही छिपाने की कोशिश शुरू हो जाती है। इसे बहुत ज़रूरी कर्तव्य की तरह निभाया जाता है। चश्मदीद गवाहों को धमकाने और अपराधी बनाने की सुगबुगाहट के साथ ही लापरवाही छिपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है।**

लापरवाही के नुकसान ही माने जाते हैं। समझदार लोग भी ऐसा ही बताते हैं। बचपन के विशेषज्ञ भी अस्त व्यस्त अभिभावकों को, सलाह देते रहते हैं कि बच्चों की परवरिश में कोताही न बरतें और बच्चों को बताते रहें कि ज़िंदगी में किसी भी तरह की लापरवाही न करें। वह बात अलग है कि विशेषज्ञ और अभिभावक खुद भी कई मामलों में लापरवाही बरतते हैं और कहते रहते है कि जीवन में ऐसा हो जाता है। हमारे यहां लापरवाही एक विकसित परम्परा है। कोई दुर्घटना, नुकसान होता है तो जांच शुरू होने से पहले लापरवाही छिपाने की कोशिश शुरू हो जाती है। इसे बहुत ज़रूरी कर्तव्य की तरह निभाया जाता है। चश्मदीद गवाहों को धमकाने और अपराधी बनाने की सुगबुगाहट के साथ ही लापरवाही छिपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। उन्हें पूरी सजगता से धमकी देनी ज़रूरी होती है ताकि सच सामने न आ सके। अगर ऐसा न किया जाए तो आम आदमी तो क्या कोई भी संपन्न व्यक्ति फंस सकता है वह बात दीगर है कि सुरक्षा व्यवस्था द्वारा की गई लापरवाही उन्हें फंसने नहीं देती । आदमी किसी और की जान बचाने तक में लापरवाह हो सकता है लेकिन अपने मामले में गलती से भी हुई लापरवाही छिपाने की कोशिश करता है। जांच के दौरान लापरवाही, चतुराई से छिपा देना एक कला है। इसे उचित तरीके से जांच करना भी कहते हैं। यह मेहनत भरा काम है। लापरवाही छिपी रहे सामने न आए, इस सम्बन्ध में एक पुराने गाने को चार सौ बीस बार आधार बनाया जाता है, परदे में रहने दो पर्दा न उठाओ, पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा और कईयों को फंसा देगा, जो सुलझे बैठे हैं उन्हें उलझा देगा। लापरवाही छिपाने के बहुत से फायदे हैं। लापरवाही छिपाते हुए हर बात उलझा सकते हैं। बयान और रिपोर्टों को अलग अलग कर सकते हैं। महत्त्वपूर्ण संकेत फाइलें बनाने से पहले ही दफ़न कर सकते हैं। रिपोर्ट्स को बार बार अधूरी बताकर फिर से लिखित जानकारियां बार बार मांग कर, उनकी लापरवाही पर शक बढ़ाया जा सकता है। सीधे सवालों के, लापरवाही में लिपटे गोल मोल जवाब देने से, ज्यादा समय और पुख्ता मदद मिलती है ताकि बेचारा नतीजा दूर कहीं झुरमुट में फंसा रहे और गलत व्यक्ति को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास सफल हो जाए। यही लापरवाही की सजगता भरी सफलता मानी जाती है। इसका अनुभव बचाव व्यवस्था की बुनियादी खामियों के विशेषज्ञ व्यक्तियों को पहले से होता है। उन्हें लापरवाही से गढ़े आरोपों से निबटना खूब आता है तभी तो जांच एजेंसियों के बीच तालमेल नहीं हो पाता। उनमें लापरवाही संभालने का गहन चारित्रिक अनुभव होता है तभी तो लापरवाही छिपाने का महत्त्वपूर्ण काम उन्हें सौंपा जाता है। अनुभवी लोगों को ऐसे फंसा भी नहीं सकते। उन्हें भविष्य में भी पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कर्तव्य निभाते हुए, लापरवाही करने में सक्रिय भूमिका अदा करनी होती है। किसी भी स्तर पर प्रशिक्षण देने की ज़रूरत, उन्हें नहीं होती। लापरवाही छिपाने का सबसे व्यावहारिक फायदा यह रहता है कि जांच संपन्न हो जाती है लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाती। इधर पूरी गोपनीय सतर्कता से लापरवाही छिपाई जा रही होती है और उधर सार्वजनिक रूप से कहा जा रहा होता है कि भविष्य में किसी भी किस्म की लापरवाही बिलकुल बर्दाशत नहीं की जाएगी।

# गुम हुई ममता



मालती ने जब कहा—'बेटा, जिस धन में किसी का दुःख जुड़ा हो, वो अपने पास नहीं रखना चाहिए।' यह केवल सोना बेचने वाले बेटे के लिए सलाह नहीं थी, यह एक माँ की अपनी पीड़ा थी, जो उस बेटे से कह रही थी, 'बेटा, मेरे जीवन में भी तो मेरा दुःख जुड़ा है, अब मैं यह दुःख कहाँ रखूँ?' ऽ

अरे साहब! यह जो नई पीढ़ी का 'फिलॉसफी' है न, 'जियो और जीने दो', यह बड़ा खतरनाक हथियार है। मालती जी ने जब से यह नारा पकड़ा, तब से उनके और बेटे दीपक के बीच की दूरी, मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे से भी तेज़ हो गई। बेटे ने शहर के दूसरे कोने में जब अलग आशियाना लिया, तो मालती ने खुद को समझा लिया—'दीपक आत्मनिर्भर है, और मैं अब 'अति-आधुनिक माँ' हूँ।' अति-आधुनिक माँ वह होती है, जो बेटे की खुशी के नाम पर अपनी अकेली साँसों को गिनती है, और उसे 'आज़ादी' का नाम देती है। त्योहारों पर दीपक आता था, तो मालती जी ऐसा दिखाती थीं, जैसे उन्हें कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता, पर रसोई में छिपकर आँसू पोंछती थीं। उन्हें मालूम था, अब उनकी 'राय' का मूल्य, पुरानी रद्दी से भी कम है, क्योंकि वह 'अनचाही सलाह' है। सलाह अनचाही नहीं होती, बल्कि राय देने वाला व्यक्ति जब उपेक्षित हो जाता है, तो उसकी बात 'अनचाही' हो जाती है। मालती की आँखों की नमी को दीपक ने कभी नहीं देखा, क्योंकि वह बस 'चाय की चुस्कियाँ' लेने आता था। और फिर एक दिन जब वह मुस्कुराते हुए बोला—'माँ, आज एक राय चाहिए।' मालती की आँखें भर आईं। यह 'राय' नहीं थी, यह वर्षों से सूखी पड़ी ममता की ज़मीन पर अचानक बरसा हुआ पहला बूँद था। वह हड़बड़ा गईं। बेटा राय नहीं माँग रहा था, वह तो अपनी सुविधा के लिए माँ की ममता का 'प्रयोग' करने आया था। और माँ को लगा, अहा! आज मेरी उपयोगिता सिद्ध हो गई! दीपक ने जब सोने की बाली की कहानी सुनाई, तो मालती के मन में टीस उठी। बेटा चार महीने पहले सड़क पर सोना उठाता है, और माँ को बताता है, जब वह सोने को बेचकर नक़दी में बदल चुका है! यह कैसा भरोसा है, जहाँ माँ को जीवन की बड़ी घटनाओं में नहीं, बल्कि केवल 'पाप-बोध' की सफ़ाई में याद किया जाता है! दीपक ने कहा—'माँ, किसी की गुम हो गई होगी, बेचारी परेशान होती होगी।' हाँ, बेटा! तेरी माँ की तरह! तेरी माँ की 'ममता' भी तो गुम हो गई है, और वह भी यहाँ कोने में बैठकर परेशान होती होगी। पर तुझे तो सिर्फ़ उस अनजान औरत का दुःख याद आया, जिसकी बाली खोई, तेरी माँ का दुःख क्यों नहीं याद आया, जिसने अपना बेटा खो दिया? 'सोना मिलना अशुभ होता है', यह कैसी वाहियात नैतिकता है, जिसमें वस्तु को अशुभ बताकर, उस पर किए गए पाप को छोटा कर दिया जाता है! असली अशुभ तो वह मानसिकता है, जिसने चार महीने तक उस सोने को छुपाए रखा, मंदिर में रखा (ताकि भगवान भी इस पाप के साक्षी बनें), और फिर चुपचाप बेच दिया। 2400 रुपये मंदिर में रखे हैं! यह क्या है? यह लांच-पूंछ है, बेटा! नक़दी को छूने से डर लग रहा है, पर नक़दी से हाथ धोना भी नहीं चाहता। पत्नी के सामने इसलिए नहीं पूछा, क्योंकि वह व्यावहारिक है, वह तुरंत उन पैसों से मिक्सर या इंडक्शन ले आती। और दीपक को उन पैसों को खर्चने से डर लग रहा था, क्योंकि उसे मालूम था, इस पर उस अनजान औरत के आँसू चिपके हैं। इसलिए आया अपनी बूढ़ी माँ के पास, ताकि माँ अपनी अखंड ममता से उन आँसुओं को धो दे।

मालती ने जब कहा—'बेटा, जिस धन में किसी का दुःख जुड़ा हो, वो अपने पास नहीं रखना चाहिए।' यह केवल सोना बेचने वाले बेटे के लिए सलाह नहीं थी, यह एक माँ की अपनी पीड़ा थी, जो उस बेटे से कह रही थी, 'बेटा, मेरे जीवन में भी तो मेरा दुःख जुड़ा है, अब मैं यह दुःख कहाँ रखूँ?' माँ की आँखों में नमी थी, क्योंकि वह जानती थी कि दीपक उन पैसों से मुक्ति पाना चाहता है, और माँ की 'सलाह' उसके लिए एक नैतिक छूट-पत्र है। उसने कहा, 'तुम चाहो तो वो रुपये किसी जरूरतमंद को दे दो... या कन्या पूजन में छोटी-छोटी कन्याओं को। उनका आशीर्वाद सबसे बड़ा शुभ होता है।' यह दान नहीं था, यह नैतिक रिश्वत थी, जिसके बदले दीपक अपने चार महीने के पाप-बोध से मुक्ति पा रहा था। एक माँ, जो स्वयं उपेक्षा का दंश झेल रही थी, वह अपने बेटे के पाप को मिटाने के लिए उसे 'पुण्य' का रास्ता दिखा रही थी। गरीबों को दान दो! क्योंकि गरीब हमारे समाज का वह 'डस्टबिन' हैं, जहाँ हम अपनी सारी गंदगी फेंककर खुद को 'साफ़' महसूस करते हैं। कन्या पूजन! वाह! 2400 रुपये का पाप, छोटी-छोटी बच्चियों की हँसी में घुल-मिलकर 'शुभ' हो जाएगा। मालती को मालूम था कि बेटा दान करने के बाद छाती ठोककर कहेगा, 'देखो, मैंने अनजाने में मिले अशुभ धन से भी कितना बड़ा पुण्य कमाया!' दीपक सिर हिलाते हुए बोला—'सही कहा माँ आपने अब समझ आया, शुभता वस्तु में नहीं, भावना में होती है।' इस लाइन पर रोना आता है। क्योंकि यह सबसे बड़ा झूठ है! यदि शुभता भावना में होती, तो वह सोना मिलते ही वापस कर दिया होता।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डा अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010 Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682